# 4 आरोपियों को न्यायिक हिरासत

## 1993 सीरियल ब्लास्ट केस, गुजरात ATS से CBI ने कस्टडी में लिया

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. 1993 में मुंबई सीरियल बम धमाकों के चार आरोपियों को अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया. इस मामले में आरोपियों की 29 साल से तलाश थी. गुजरात एटीएस ने पिछले सप्ताह इन चारों आरोपियों को अहमदाबाद से धर दबोचा था. इस केस को गुजरात एटीएस से सीबीआई ने अपने कब्जे में ले लिया है. मुंबई में साल 1993 में 12 जगहों पर सीरियल बम धमाके हुए थे. चार आरोपियों की तलाश में गुजरात एटीएस और सीबीआई की टीम पिछले 29 साल से कर रही थी. गुजरात एटीएस ने मुस्तैदी दिखाते हुए पिछले सप्ताह इन चारों आरोपियों को अहमदाबाद से गिरफ्तार किया. सोमवार को इन आरोपियों को अदालत में पेश किया गया. अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया. अब इस केस को गुजरात एटीएस ने सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया है. इन चारों आरोपियों को सिर्फ मुंबई पुलिस, सीबीआई और गुजरात एटीएस ही नहीं तलाश कर रही थी, बल्कि आरोपियों को दुनिया की कई सुरक्षा एजेंसियां तलाश रही थीं. इन चारों आरोपियों के खिलाफ इंटरपोल और रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जा चुका था. गुजरात एटीएस ने 12 मई को इन आरोपियों को अहमदाबाद के सरदार नगर इलाके से गिरफ्तार किया था. ये आरोपी एयरपोर्ट सर्कल के पास से संदेहास्पद स्थिति में गुजरात एटीएस के हत्थे चढ़े थे. आरोपियों में मुंबई के मुसाफिरखाना का रहने वाला मोहम्मद यूसुफ इस्माइल उर्फ यूसुफ भटका, सारंग स्ट्रीट बूटवाला बिल्डिंग में रहने वाला अबू बकर, मुसाफिरखाना निवासी मोहम्मद शोएब कुरेशी उर्फ शोएब बाबा और क्रॉफर्ड मार्केट निवासी सैयद कुरैशी शामिल है.



**29** साल से आरोपी थे फरार

**12** मई को हुई थी गिरफ्तारी

### आरोपियों से फर्जी पासपोर्ट हुए थे बरामद



- इनमें से अबू बकर के पास से कर्नाटक बेंगलुरु निवासी जावेद बाशा के नाम का फर्जी पासपोर्ट भी बरामद किया गया है.
- जबकि सैयद कुरैशी के पास से तमिलनाडु विल्लुपुरम निवासी सैयद अब्बास शरीफ के नाम का पासपोर्ट बरामद किया गया है.
- बम धमाकों में हुई थी 257 लोगों की मौत

1993 में हुए मुंबई सीरियल बम धमाकों में 257 लोगों की मौत हुई थी. इन धमाकों में 700 से भी ज्यादा लोग घायल हुए थे.

- इन धमाकों के आरोपियों में से 189 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र पेश किया गया है. साल 2006 में मुंबई कोर्ट ने इनमें से 100 आरोपियों को दोषी करार दे दिया था.

## महिला, एससी-एसटी आरक्षण का निकलेगा ड्रा

**ठाणे.** ठाणे महानगर पालिका का चुनाव इस बार तीन सदस्यीय पैनल पद्धति द्वारा होने वाला है. चुनाव के लिए मंगलवार, 31 मई को ठाणे महानगर पालिका के प्रभागों के आरक्षण का ड्रा निकाला जाएगा. राज्य चुनाव आयोग ने वर्ष 2022 में होने वाले ठाणे महानगर पालिका आम चुनाव के लिए अनुसूचित जाति (महिला), अनुसूचित जनजाति (महिला) और सामान्य महिलाओं के लिए आरक्षण तय करने और आरक्षण के मॉडल को प्रकाशित करने के लिए एक कार्यक्रम की घोषणा की गई है. मंगलवार की सुबह 11.00 बजे डॉ. काशीनाथ घाणेकर नाट्यगृह में ड्रा निकाला जाएगा और आरक्षण का मसौदा बुधवार, 1 जून को प्रकाशित किया जाएगा. बुधवार 1 जून से सोमवार, 6 जून तक आरक्षण के संदर्भ में आपत्ति व सुझाव दिए जा सकेंगे. इस दौरान मनपा आयुक्त के पास चुनाव कार्यालय संबंधित प्रभाग कार्यालय में आपत्ति व सुझाव दर्ज कराया जा सकता है.

### साकीनाका निर्भया केस

# आरोपी दोषी करार

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. साकीनाका इलाके में एक 34 वर्षीय महिला के साथ बलात्कार और उसके बाद निर्मम हत्या मामले को मुंबई की निर्भया का नाम दिया गया था. आरोपी मोहन चौहान को दिंडोशी की फास्ट ट्रैक अदालत ने दोषी करार दिया है. सरकारी वकील महेश मुले ने बताया कि न्यायालय ने सजा पर बहस के लिए 1 जून 2022 की तारीख निर्धारित की है. पुलिस के अनुसार वारदात 9 सितंबर 2021 की रात को हुई थी और 10 सितंबर की सुबह मामला उजागर होने के बाद हत्या और बलात्कार का मामला दर्ज कर साकीनाका पुलिस ने जांच शुरू की. कुछ घंटों में ही पुलिस ने 45 वर्षीय मोहन कथाहरु चौहान को पकड़ लिया था.

### सजा पर बहस के लिए 1 जून की तारीख निर्धारित



पुलिस की ओर से जो चार्जशीट दाखिल की गई थी,उसमें कहा गया था कि आरोपी और पीड़िता एक दूसरे को जानते थे और करीबी भी थे. आरोपी का कहना था कि वो उससे नाराज था, क्योंकि उसने अपना वादा पूरा नहीं किया था. इसलिए वो 25 दिनों से उसकी तलाश कर रहा था. लेकिन असफल रहा. चार्जशीट के मुताबिक 25 दिन बाद 9 सितंबर की रात जब उसने महिला को देखा तो गुस्से में उस पर हमला कर दिया.


**मुंबई रेलवे विकास प्राधिकरण लि.**
(भारत सरकार, रेल मंत्रालय का एक पीएसयू)

**एसपीएन संदर्भ सं. एमआरवीसी/डब्ल्यू/116/ओएचई अतिक्रमण दिनांक 31.05.2022**

**मुंबई रेलवे विकास प्राधिकरण लि. (एमआरवीसी)** जिनका पंजीकृत कार्यालय 2री मंजिल चर्चगेट स्टेशन भवन, चर्चगेट, मुंबई-400 020 में स्थित है, **"एमयूटीपी-III अंतर्गत पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल में विरार-दहाणू रोड अनुभाग (विरार और दहाणू रोड स्टेशन सहित) में ओएचई के सुधार तथा अतिक्रमणों के निष्कासन हेतु एकल चरण दो लिफाफा प्रणाली अंतर्गत ई-बोलियां आमंत्रित करते हैं (विरार-दहाणू रोड अनुभाग के चौपदरीकरण के संबंध में).**

कोरे बोली दस्तावेज वेबसाइट **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं. बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट **https://eprocure.gov.in** से समस्त दस्तावेज डाउनलोड करें. ई-बोली दस्तावेज दि. 31.05.2022 से 13.07.2022 को 12.30 बजे तक डाउनलोड करें. **ई-बोली जमा करने की अंतिम तिथि 14.07.2022 को 12.30 बजे तक** है . बोली 14.07.2022 को 15.30 बजे खोली जायेगी. अधिक जानकारी के लिये कृपया **https://eprocure.gov.in** पर विशिष्ट प्रोक्योरमेंट सूचना (एसपीएन) देखें.




## QUICK NEWS

### एपीएमसी में मजदूर की हत्या

**नवी मुंबई.** वाशी स्थित एपीएमसी की सब्जी मंडी में काम करने वाले एक मजदूर द्वारा अपने साथी की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है. एपीएमसी पुलिस स्टेशन में इस मामले को दर्ज किया गया है. घटना के बाद से आरोपी फरार है, जिसकी तलाश करने के लिए पुलिस द्वारा 2 दस्ते बनाए गए हैं.

नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय के परिमंडल-1 के पुलिस उपायुक्त विवेक पनसारे के अनुसार मृतक का नाम शंकर पांसरे है. जो एपीएमसी की सब्जी मंडी में गाला क्रमांक- ई- 897 के पास मजदूर का काम करता था. शंकर के साथ रवि नामक व्यक्ति भी काम करता था. रविवार की रात में किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ था, इस विवाद के दौरान रवि ने शंकर को डंडे से पीटकर मौत के घाट उतार दिया.

### मनपा चुनाव की लॉटरी आज

# 236 सीटों के लिए निकलेगी लॉटरी

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. महानगरपालिका चुनाव के लिए मंगलवार को लॉटरी निकाली जाएगी. यह लॉटरी ओबीसी आरक्षण के बिना निकाली जाने वाली है. लॉटरी छोटे बच्चों के हाथों निकाली जाएगी. पहले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और उसके बाद महिला वार्ड की लॉटरी निकाली जाएगी. लॉटरी 13 जून को फाइनल कर दी जाएगी. बीएमसी की 236 सीटों पर लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों की नजर आज निकलने वाली लॉटरी पर रहेगी.मुंबई मनपा में 227 वार्ड थे, जिसमें 9 सीटें बढ़ा कर 236 कर दिया गया है. वार्ड परिसीमन को मंजूरी मिलने के बाद चुनाव आयोग चुनावी प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है. 31 मई को बांद्रा के रंगशारदा हॉल में सुबह 11 बजे से लॉटरी निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी. बीएमसी के अनुसार 15 सीटें अनुसूचित जाति, 2 सीटें अनुसूचित जनजाति और 118 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रखी जाएंगी.बीएमसी अधिकारी ने बताया लॉटरी निकालने के समय बीएमसी कमिश्नर व प्रशासक इकबाल सिंह चहल भी मौजूद रहेंगे. लॉटरी निकालने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 6 जून तक सुझाव और आपत्तियां मंगाई जाएंगी. आपत्तियों के निस्तारण के बाद 13 जून को फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी. दलगत उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया वार्ड की लॉटरी घोषित होने के उपरांत राजनीतिक दल किस वार्ड से कौन सा उम्मीदवार खड़ा किया जाए, उस पर मंथन शुरू कर देंगे. पिछली बार जो वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित थे, उनमें से ज्यादातर वार्ड पुरुषों के लिए आरक्षित हो जाएंगे, इसलिए लोग आस-पास के वार्ड से चुनाव लड़ने का प्रयास करेंगे या तो अपनी पत्नियों और बच्चों पर दांव खेलेंगे. बीएमसी में वार्डों की संख्या बढ़ा दी गई,वार्डों के आरक्षण में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है.

**ऐसे होगा वार्डों का आरक्षण**

| | |
|---|---|
| कुल वार्ड | 236 |
| महिलाओं के लिए वार्ड | 118 |
| अनुसूचित जाति | 15 |
| अनुसूचित जनजाति | 2 |
| **महिला आरक्षण** | |
| महिलाओं के लिए आरक्षित वार्ड | 118 |
| महिलाओं के लिए सामान्य वार्ड | 109 |
| अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए | 8 |
| अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए | 1 |

# व्यापारी परिवार को 68 लाख मिलेगा मुआवजा

■ **ठाणे,** (सं.) सड़क हादसे में मारे गए कारोबारी के परिवार को 67.80 लाख रुपए मुआवजा दिए जाने का आदेश ठाणे मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने दिया है. एमएसीटी के अध्यक्ष अभय जे मंत्री ने हाल में दिए अपने एक आदेश में हादसे के लिए जिम्मेदार बस कंपनी के मालिक और वाहन के बीमाकर्ता को दावा दायर किए जाने की तारीख से 7.50 प्रतिशत ब्याज के साथ संयुक्त और व्यक्तिगत रूप से भुगतान करने का आदेश दिया. गुंडू तुकाराम गावड़े 12 सितंबर, 2019 को एक बस में सवार होकर बेंगलुरु जा रहा था, तभी बस चालक ने महाराष्ट्र के सातारा जिले में पुणे-बेंगलुरु राजमार्ग पर म्हासवे गांव के निकट वाहन पर से नियंत्रण खो दिया.


**SBI**
**भारतीय स्टेट बैंक**
आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, हैदराबाद-500 019

**समवती लेखापरीक्षकों के रूप में चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्मों का मनोनयन**

बैंक की शाखाओं/इकाइयों में समवर्ती लेखापरीक्षकों के रूप में मनोनयन के लिए पात्र चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्मों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन के लिए प्रोफॉर्मा, पात्रता मानदंड एवं अन्य विवरण बैंक की वेबसाइट **www.sbi.co.in** पर **'प्रोक्योरमेंट न्यूज़'** के अंतर्गत उपलब्ध हैं।
**नोट: समवर्ती लेखापरीक्षकों (नियमित समवर्ती लेखापरीक्षा/आर.ए.सी.सी./सी.सी.वी.) के रूप में मनोनीत सी.ए. फर्मों की समस्त प्रतीक्षा सूची इस प्रकाशन के साथ ही रद्द हो जाएगी।**

**स्थान:** हैदराबाद — हस्ताक्षर/-
**तिथि:** 31.05.2022 — उप महाप्रबंधक (मा.सं., प्रशा. एवं परिचालन)



**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**RESERVE BANK OF INDIA**
www.rbi.org.in
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**पर्यवेक्षण विभाग, केंद्रीय कार्यालय, भायखला ऑफिस बिल्डिंग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई- 400008**

**बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 के साथ पठित धारा 35 ए के अंतर्गत निदेश– रूपी को-ओपरेटिव बैंक लिमिटेड, पुणे, महाराष्ट्र - अवधि का विस्तार**

**रूपी को-ओपरेटिव बैंक लिमिटेड, पुणे, महाराष्ट्र** को भारतीय रिज़र्व बैंक के **दिनांक 21 फरवरी, 2013** के निदेश सं. UBD.CO.BSD-I/D-28/12.22.2018/2012-13 के माध्यम से **22 फरवरी, 2013** की कारोबार की समाप्ति से निदेशाधीन रखा गया था। इन निदेशों की वैधता को समय-समय पर बढ़ाया गया है और आखिरी बार वैधता का समय **31 मई, 2022** तक बढ़ाया था।

2. जन साधारण के सूचनार्थ एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 के साथ पठित धारा 35 एकी उप धारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक एतद्द्वारा निदेश देता है कि उक्त निदेश **26 मई, 2022** के निदेश सं DOR.MON/D-14/12.22.218/2022-23 के अनुसार बैंक पर **दिनांक 31 अगस्त, 2022** तक लागू रहेंगे तथा ये निदेश समीक्षाधीन रहेंगे।

3. संदर्भाधीन निदेश के अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। उपरोक्त वैधता को सूचित करने वाले **दिनांक 26 मई, 2022** के निदेश की एक प्रति बैंक के परिसर में जनता की सूचना के लिए लगाई गई है।

4. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा उपरोक्त वैधता बढ़ाने और/ या संशोधित करने का यह अर्थ न लगाया जाए कि भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंक की वित्तीय स्थिति में मौलिक सुधार से संतुष्ट है।

**(मोनिषा चक्रवर्ती)**
**मुंबई** — **मुख्य महाप्रबंधक**

**पैसे का वादा करने वाले ई-मेल/एसएमएस/टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं**


### आर्यन खान क्रूज ड्रग्स पार्टी मामला बना समीर के गले की फांस

# वानखेड़े की नौकरी पर लटकी तलवार

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन के क्रूज ड्रग्स पार्टी मामले के बाद सुर्खियों में आए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े की मुश्किलें बढ़ सकती हैं. उनकी नौकरी पर तलवार लटकी हुई है. केंद्र सरकार ने समीर वानखेड़े पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया है. सोमवार को समीर वानखेड़े ने ट्वीट किया कि वह नकारात्मकता पर ध्यान नहीं देते हैं, क्योंकि यदि नकारात्मकता पर ध्यान देंगे, तो प्रगति नहीं होगी. वह हर विषय को सकारात्मक रूप से देखते हैं. इसलिए वह हमेशा पॉजिटिव रहते हैं.



एसआईटी की आर्यन क्रूज ड्रग्स पार्टी मामले की जांच में आर्यन खान के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले हैं.इस मामले में आर्यन को क्लिन चिट दी गयी है. उसके बाद से समीर वानखेड़े एवं उनकी टीम की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं. एनसीबी की विशेष टीम समीर के खिलाफ जांच कर रही है.

### 25 करोड़ की फिरौती मांगने का आरोप



उन्हें नौकरी से बर्खास्त किया जा सकता है. वर्तमान में समीर वानखेड़े राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) में कार्यरत हैं .समीर वानखेड़े की टीम ने 2 अक्टूबर को क्रूज ड्रग्स पार्टी पर छापेमारी की थी. गवाह प्रभाकर सेल ने एक हलफनामा जारी कर आरोप लगाया था कि समीर वानखेड़े ने एक अन्य गवाह किरण गोसावी के माध्यम से शाहरुख खान से 25 करोड़ रुपए फिरौती की मांग की थी. बाद में 18 करोड़ रुपए पर सौदा तय हुआ था. उसमें से 8 करोड़ रुपए समीर वानखेड़े को मिलना था.


**SBI**
**भारतीय स्टेट बैंक**
कॉरपोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई - 400021

**सूचना**

शेयरधारकों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि एसबीआई के शेयर का अंकित मूल्य रु. 10 से विभक्त करके रु. 1 करने की प्रक्रिया में बैंक द्वारा जारी शेयर प्रमाण-पत्र, जिनका अंकित मूल्य रु. 10 है, दिनांक 22 नवंबर 2014 से प्रभावी होकर अमान्य हो गए हैं. इस संबंध में दिनांक 05.11.2014 को भारत के राजपत्र में एक अधिसूचना प्रकाशित की गई थी. तदनुसार, सभी उद्देश्यों से, इस सूचना में दिए गए शेयरों के विवरण रु. 1 अंकित मूल्य के शेयर प्रमाण-पत्रों के हैं. एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि बैंक की निम्न उल्लेखित प्रतिभूतियों के लिए शेयर/बॉण्ड प्रमाण-पत्र पंजीकृत धारक/धारकों से उक्त शेयर/बॉण्ड की नियत अवधि में उपयुक्त रूप से पूर्णकृत अंतरण अनुबंध(धों) के साथ/बिना गुम/खो गए हैं और उन्होंने बैंक को उनके नाम से डुप्लिकेट शेयर/बॉण्ड प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया है. कोई भी व्यक्ति जिसका उक्त शेयर/बॉण्ड के संबंध में कोई दावा है, उसे ऐसा कोई भी दावा बैंक के अंतरण अभिकर्ता, मे. एलेंकिट असाइनमेंट्स लिमिटेड, 205-208, अनारकली कॉम्प्लैक्स, झंडेवालाँ एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110055, (ई-मेल आईडी: sbi.igr@alankit.com) पर इस तिथि से 7 दिनों के भीतर के पास दर्ज करवाना चाहिए, अन्यथा, बैंक द्वारा किसी भी आगामी सूचना के बिना, डुप्लिकेट शेयर बॉण्ड प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी जाएगी.

**भारतीय स्टेट बैंक**

| क्र. सं. | फोलियो सं. | धारक(कों) का नाम | शेयरों की संख्या | प्रमाणपत्र संख्या से | प्रमाणपत्र संख्या तक | विशिष्ट संख्या से | विशिष्ट संख्या तक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 00774978 | ललता प्रसाद पांडे<br>सतीश चंद्र पांडे | 600 | 52915 | 52915 | 7386038271 | 7386038870 |
| 2 | 02267019 | संध्या खरे | 500 | 186471 | 186471 | 7440383591 | 7440384090 |
| 3 | 02430720 | ओम प्रकाश भाटिया | 670 | 193887 | 193888 | 7444147261 | 7444147930 |
| 4 | 00826700 | श्रीमती शमत नूपुर रहा | 530 | 73812 | 73813 | 7391252071 | 7391252600 |
| | 07000117 | श्रीमती शमत नूपुर रहा | 100 | 226164 | 226164 | 7459864761 | 7459864860 |
| 5 | 02274010 | राजेश्वर विनायकराव गंगाने | 600 | 187271 | 187271 | 7440783061 | 7440783660 |
| 6 | 01464643 | आर मुठियाल<br>श्रीमती शमत एम जयंती | 500 | 134317 | 134317 | 7413515991 | 7413516490 |
| 7 | 02506207 | वेंकटेश रामराव कुलकर्णी | 1000 | 197650 | 197650 | 7446069031 | 7446070030 |
| 8 | 01668444 | अनिल रामचंद्र तारते | 500 | 150545 | 150545 | 421942511 | 7421943010 |
| 9 | 07423898 | नागेस्वरा राव एम | 275 | 6224049 | 6224049 | 8015540885 | 8015541159 |
| 10 | 00910459 | अनुराधा नागेश<br>एस वी नागेश | 920 | 103420 | 103421 | 7398480091 | 7398481010 |
| 11 | 01893165 | रामअवतार शर्मा | 500 | 161622 | 161622 | 7427586081 | 7427586580 |
| 12 | 01893164 | उमा देवी | 500 | 161621 | 161621 | 7427585581 | 7427586080 |
| 13 | 01324051 | दीपा डी पटेल | 500 | 128779 | 128779 | 7410751871 | 7410752370 |
| 14 | 01662484 | सरला देवी अगरवाल | 500 | 149615 | 149615 | 7421470201 | 7421470700 |
| 15 | 01637201 | तोतला रेखा | 500 | 147055 | 147055 | 7420178651 | 7420179150 |
| 16 | 00868962 | गुण्डाकरम कृष्णामूर्ति<br>जी के सिवकमसुन्दरी | 820 | 88410 | 88411 | 7394829061 | 7394829880 |

**उपरोक्त आँकड़े स्टॉक विभक्ति के परिणामस्वरूप रु. 1/- के अंकित मूल्य के वर्तमान शेयरों के विवरण प्रस्तुत करते हैं (रिकॉर्ड दिनांक 21.11.2014).**

**स्थान:** मुंबई — शेयरों की संख्या: 9515 — महाप्रबंधक
**दिनांक:** 31.05.2022 — प्रमाण पत्रों की संख्या: 21 — (शेयर एवं बांड)


## 10 घंटे में 5 लोग गिरफ्तार

**ठाणे.** शील डायघर पुलिस ने घटना के 10 घंटे के भीतर ओला कार चालक की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए फरार 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए हसिरुल शेख और प्रशांत पेरिया दोनों (दिवा), आतिष भोसले (भांडुप), ओंकार कासेकर (कलवा) के रहने वाले हैं. ठाणे से गिरफ्तार पांचवां आरोपी नाबालिग है. 29 मई को आरोपियों ने कार को बदलापुर से दिवा के लिए बुक किया था. दिवा खर्डी मार्ग पर शील डायघर के करीब एक निर्जन स्थान पर आरोपियों ने लघु शंका के बहाने कार को रोका. नीचे उतरने के बाद इन्होंने कार चालक मोहम्मद अंसारी से लूटपाट की और बाद में पत्थरों से कुचल कर उसकी हत्या कर दी. घटना के बाद कार वहीं छोड़ कर आरोपी फरार हो गए थे. घटना की खबर मिलने के बाद पुलिस ने शव को अस्पताल पहुंचाया. इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया.

# पक्षियों ने दिए अच्छी बरसात के संकेत

### पक्षी विशेषज्ञ ने साझा की जानकारी



■ **ठाणे,** (सं.) पक्षी विशेषज्ञों की मानें तो मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार बरसात को अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं. मौसम विभाग ने विज्ञान के आधार पर बरसात के संकेत दिए हैं, वहीं अब पक्षियों ने भी बरसात के संकेत देना शुरू कर दिया है. ठाणे शहर में अब पपीहा व इंडियन पिट्टा पक्षी नजर आने लगे हैं. यह संकेत बताता है कि बरसात जल्द और अच्छी होगी. हम सब कुदरत की देन हैं. हर एक क़ा जीवन जीने का अपना तरीका होता है. सभी कहीं न कहीं एक-दूसरे से जुड़े हैं. पक्षियों का भी कुछ ऐसा ही है. पक्षियों का हमसे बहुत महत्त्वपूर्ण रिश्ता है.

### पक्षियों के बर्ताव से लग जाता है अनुमान

पूर्व में मनुष्य पक्षियों के बर्ताव से समझ जाता था कि बरसात कब होने वाली है. लेकिन अब ऐसा नहीं होता, क्योंकि अब पक्षियों के बारे में बहुत कम लोगों को ही जानकारी है. फिर भी पक्षी विशेषज्ञ आज भी पक्षियों के बर्ताव को समझ जाते हैं कि बरसात कब होने वाली है. पक्षी विशेषज्ञ डॉ. सुधीर गायकवाड़ ने बताया कि पपीहा' व इंडियन पिट्टा पक्षी नजर आने से यह साफ हो जाता है कि जल्द से जल्द बरसात होने वाली है. ठाणे जिले में पपीहा' व इंडियन पिट्टा पक्षी दिखने लगे हैं.


**ओएनजीसी ONGC**
**ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड**
**Oil and Natural Gas Corporation Ltd.**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**पश्चिमी अपतटीय इकाई, मुंबई**
**विज्ञापन संख्या 02/2022/डीओसी/डब्ल्यूओयू-मुंबई**

**30/06/2024 तक की अवधि के लिए मुंबई, पनवेल, न्हावा और उरण में स्थित ओएनजीसी के कार्यालयों में अनुबंध के आधार पर डॉक्टरों की नियुक्ति**

ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी), सार्वजनिक क्षेत्र का एक "महारत्न" उद्यम, अपने मुंबई, पनवेल, न्हावा और उरण में स्थित कार्यालयों में ₹40,000/-प्रति माह से लेकर ₹1,05,000/- प्रति माह (पद की प्रकृति के आधार पर) के समेकित मानदेय पर दिनांक **30.06.2024** तक की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर जनरल ड्यूटी/ फील्ड ड्यूटी/ विजिटिंग स्पेशलिस्ट/ व्यावसायिक स्वास्थ्य/होम्योपैथी डॉक्टरों की नियुक्ती का इरादा रखता है।
उपलब्ध पदों का विवरण निम्नानुसार है:

| पद का नाम | ड्यूटी पैटर्न | पदों की संख्या | प्रतिमाह पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|
| फील्ड मेडिकल ऑफिसर (एफएमओ) | ऑफशोर / ऑनशोर में 14 दिनों की ऑन / ऑफ ड्यूटी | 63 | ₹1,05,000/- |
| जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (जीडीएमओ) | मुंबई, पनवेल और उरण में पूर्ण कालिक ऑनशोर ड्यूटी | 06 | ₹1,00,000/- |
| चिकित्सा अधिकारी (व्यावसायिक स्वास्थ्य) | मुंबई में पूर्ण कालिक ऑनशोर ड्यूटी | 01 | ₹1,00,000/- |
| विजिटिंग स्पेशलिस्ट: फिजिशियन, बाल रोग विशेषज्ञ, जनरल सर्जन, पैथोलॉजिस्ट, ऑर्थोपिडिक, गायनोकोलॉजिस्ट | प्रति दिन दो घंटे,सप्ताह में तीन बार पनवेल में ऑनशोर पोस्टिंग | 08 | ₹2,500/- 2 घंटे की प्रति विजिट |
| होम्योपैथी | अंशकालिक ड्यूटी मुंबई, पनवेल और उरण में ऑनशोर पोस्टिंग | 03 | ₹40,000/- |

पारिश्रमिक के अलावा उम्मीदवार निम्नलिखित के लिए पात्र होंगे:


| | |
|---|---|
| • परिवार/ऑपरेटिंग स्टेशन से कार्य केंद्र तक के सबसे छोटे रूट में इकोनॉमी/प्रीमियर-इकोनॉमी क्लास में दोतरफा हवाई किराए का भुगतान<br>• ऑफशोर में ड्यूटी के दौरान मुफ्त भोजन और आवास | केवल एफएमओ के लिए |
| • स्वयं, पति या पत्नी और दो तत्काल आश्रितों यानी बच्चों और/या माता-पिता के संबंध में इनडोर उपचार के लिए ₹7.5 लाख का फैमिली फ्लोटर कवर<br>• इन-हाउस ओपीडी सुविधा,जहां ओएनजीसी अस्पताल/औषधालय स्वयं, पति या पत्नी और दो तत्काल आश्रितों यानी बच्चों और/या माता-पिता के संबंध में मौजूद हैं<br>• उन महानगरों और स्थानों के लिए जहां इन-हाउस फार्मेसी नहीं है, ओपीडी खर्चों को पूरा करने के लिए ₹1,000/- प्रति माह | पूर्ण कालिक आधार पर कार्यरत सभी उम्मीदवार |

विज्ञापित पद के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को **31.05.2022 से 06.06.2022** की अवधि के बीच हमारी वेबसाइट **www.ongcindia.com** पर उपलब्ध वेबलिंक पर अपना पंजीकरण कराना होगा। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को एक साक्षात्कार से गुजरना होगा। साक्षात्कार वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से या आमने-सामने साक्षात्कार के माध्यम से आयोजित किए जा सकते हैं, जो ओएनजीसी द्वारा तय किया जाएगा।
शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ई-मेल/ एसएमएस के माध्यम से साक्षात्कार की तारीख, समय और स्थान के बारे में सूचित किया जाएगा।
**संपूर्ण प्रासंगिक जानकारी वाले विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ongcindia.com पर जाएं**
**(www.ongcindia.com >>>>>करियर >>>>>>भर्ती सूचना)**

**उप महाप्रबंधक (एचआर)-आई/सी आर एण्ड पी, डब्ल्यूओयू, मुंबई**


### घोडबंदर रोड पर पलटे 2 कंटेनर

# एक घंटे ट्रैफिक जाम



■ **ठाणे,** (सं.) घोड़बंदर रोड पर सोमवार तड़के गायमुख गांव के समीप दो कंटेनर एक साथ पलट गए, इससे दोनों तरफ वाहनों का आवागमन बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. इस घटना में दो चालक व क्लीनर समेत तीन लोग घायल हो गए. इस हादसे के कारण घोडबंदर रोड करीब एक घंटे तक जाम रहा. सूचना मिलने पर आपदा प्रबंधन की टीम और कासारवडवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में जुट गई. हादसे में दिल्ली से 10 टन कपड़े लेकर न्हावा सेवा बंदरगाह जा रहे कंटेनर चालक वकील खान को मामूली चोटें आई हैं.


**पश्चिम रेलवे**
**सार्वजनिक सूचना**

**एमयूटीपी (II) अंतर्गत पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल और बोरीवली स्टेशन के बीच में 6ठी लाइन प्रदान करने के प्रयोजन हेतु अनुमानित 110 मी. की लंबाई में 312.70 वर्गमीटर क्षेत्र की रेलवे किमी. 19/4 से 19/6सी के बीच की आजाद रोड/तेजपाल रोड, विलेपार्ले (पूर्व) के मौजूदा रोड की जमीन का एक भाग दि. 11.11.2021 को अधिग्रहित किया गया है. जमीन के उक्त हिस्से के अधिग्रहण हेतु सड़क भाग पर निर्माण कार्य दि. 31.05.2022 से प्रारंभ होगा.**

पश्चिम रेलवे www.wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly 132



**कर्मचारी राज्य बीमा निगम**
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
**EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION**
(Ministry of Labour and Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि. ESIC

ईएसआईसी मॉडल अस्पताल सह ओडीसी अंधेरी
अकुरली रोड, ठाकुर हाउस के पास
कांदिवली (पूर्व), मुंबई - 400 101.
ESIC Model Hospital Cum ODC Andheri
Akurli Road, Near Thakur House
Kandivali (East), Mumbai - 400 101.
Email: ms-andheri.mh@esic.nic.in • Website: www.esic.nic.in

**ईएसआईसी मॉडल हॉस्पिटल सह ओडीसी अंधेरी, मुंबई जीडीएमओ के रिक्त पद के लिए अनुबंध के आधार पर सीनियर रेजिडेंट-1 वर्ष, पार्ट टाइम सुपर स्पेशलिस्ट -1 वर्ष के अनुबंध और अंशकालिक विशेषज्ञ -1 वर्ष के अनुबंध के आधार पर पदों के लिए भर्ती**
(ईएसआईएस अस्पताल परिसर कांदिवली (पूर्व), मुंबई के परिसर में सेवाएं प्रदान करने हेतु)

ईएसआईसी मॉडल अस्पताल सह ओडीसी अंधेरी, मुंबई के लिए निम्नलिखित विवरण के अनुसार अनुबंध के आधार पर चिकित्सा अधिकारी/विशेषज्ञ के विभिन्न पदों के लिए वॉक इन इंटरव्यू निर्धारित किया गया है।

| क्रमांक | के लिए साक्षात्कार | साक्षात्कार की संभावित तिथि | स्थान | पद | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ईएसआयसी मॉडेल हॉस्पिटल सह ओडीसी अंधेरी, मुंबई | 03/06/2022 और 04/06/2022 | **साक्षात्कार का स्थान** - प्रशासनिक ब्लॉक, 5 वीं मंजिल, ईएसआईसी मॉडल अस्पताल भर्ती शाखा, ईएसआईएस अस्पताल परिसर कांदिवली, अकुरली रोड, ठाकुर हाउस के पास, कांदिवली पूर्व, मुंबई - 400 101. | जीडीएमओ के लिए एसआर 1 वर्ष | 23 |
| 2 | | | | पार्ट टाइम सुपर स्पेशलिस्ट | 1 |
| 3 | | | | पार्ट टाइम स्पेशलिस्ट | 3 |
| | | | | **कुल** | **27** |

निगम में एसआर द्वारा प्रदान की गई सेवा को महाराष्ट्र सरकार के अनुसार महाराष्ट्र राज्य में बंधित सेवा माना जाएगा। निर्णय संख्या एमईडी/1013/एडमिन संख्या 101/13/इडीयू -2 दिनांक 31.01.2014 इच्छुक उम्मीदवार पदों, पात्रता शर्तों और साक्षात्कार कार्यक्रम के विवरण के लिए वेबसाइट **www.esic.nic.in** देख सकते हैं।

एसडी/-
चिकित्सा अधीक्षक

**एक ही बीमा नंबर रखो हर बार चाहे बदलो रोजगार हर बार इससे है मिलता हितलाभ लगातार!**